हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 जुलाई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री


2 मानसून की बेरुखी से बढ़ी चिंता

## खबर संक्षेप

### सरगुजा में 18 तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान

**अम्बिकापुर।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिये जिले में 13 से 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस. मार्को के मार्गदर्शन में यह पहल की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य 14 से 15 वर्ष की उन किशोरियों को निःशुल्क सुरक्षा प्रदान करना है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है परंतु 15 वर्ष की आयु अभी पूरी नहीं की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अभिभवकों से आग्रह किया है कि वे अपनी पात्र बेटियों को निकटतम सरकारी टीकाकरण केन्द्र ले जाकर इस निःशुल्क और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ अवश्य दिलवायें।

### पीएमश्री नवोदय विद्यालय खलिबा में कक्षा 11वीं में प्रवेश आवेदन 18 तक

**अम्बिकापुर।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खलिबा के प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई है कि पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खलिबा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 11वीं में मानविकी संकाय में केवल बालकों के लिये सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों में इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रत्यक्ष प्रवेश प्रदाय किये जाने हेतु 18 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विस्तृत जानकारी के लिए पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय में संपर्क कर सकते हैं।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**बलरामपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, टांगरमहरी में शैक्षणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6 वीं में 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने जिले के सभी पात्र विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से आह्वान किया है।

### जानलेवा हमला के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

**प्रतापपुर।** रेवटी थाना चौकी क्षेत्र का एक मारपीट मामला अब कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।



पीड़ित धनसाय का आरोप है कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई कि उसकी पीठ से खून बहने लगा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की लेकिन आठ दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित ग्रामीण लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार 4 जुलाई को हुई घटना के बाद 5 जुलाई को थाना चंदौरा में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में लालसाय आ. सीता और श्यामपति पति लालसाय को आरोपी बनाया गया है। पीड़ित का कहना है कि उसने पुलिस को घटना का वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य जरूरी साक्ष्य उपलब्ध करा दिए हैं। इसके बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि जब वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट और एफआईआर सब कुछ मौजूद है, तो कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। पीड़ित ने आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ पी अनूप एक्का ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। लापरवाही पाई जाती है तो जांच के पश्चात पुलिस अधीक्षक को जानकारी देते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में कराया गया था 358 गौठानों का निर्माण

# 30 करोड़ रूपए खर्च कर बनाए गए गौठान हुए वीरान, चोरी हो गई करोड़ों की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- सुरक्षा को लेकर नहीं है कोई योजना

सरगुजा में लगभग तीस करोड़ रूपए खर्च कर बनाए गए गौठान अब वीरान पड़े हुए है। आलम यह है कि गौठानों से शेड, सोलर सिस्टम, शेड के साथ ही अन्य सामग्रियों की चोरी की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि इन गौठानों में मौजूद सामग्रियों की चोरी रोखने के लिए भी कोई पहल नहीं की जा रही है। ऐसे में जनता के पैसों को खर्च कर शासन द्वारा बनाए गए गौठान का अस्तित्व अब पूरी तरह से खत्म होने की कगार पर है। हालांकि अधिकारी आने वाले दिनों में कुछ गौठान को गोधाम योजना में तब्दील करने की बात कह रहे है लेकिन शेष सभी गौठानों की स्थिति वैसी ही रहने वाली है।

बता दें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक थी गौठान योजना। इस योजना का उद्देश्य आवारा मवेशियों को सड़क से हटाकर एक सुरक्षित स्थान पर रखना था। इसके साथ ही गौठान को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आय का जरिया बनाया गया। गोबर खरीदी से लेकर अनेकों आजीविका के साधन गौठानों में निर्मित किए गए। सरगुजा जिले की बात की जाए तो आंकड़ों के अनुसार यहां लगभग 30 करोड़ रुपे खर्च कर 358 गौठान तैयार किए गए थे। इनमें से कुछ आदर्श गौठान थे जिनमें अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही थी। इन गौठानों में करोड़ो रूपए खर्च कर शेड, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, सोलर सिस्टम, पानी की व्यवस्था के साथ ही अन्य ढांचे तैयार किए गए। कांग्रेस शासन काल में ये गौठान ग्रामीण आजीविका का साधन बने और आवारा मवेशियों की भी रक्षा हुई। गौठान में पशुपालन, वर्मी कम्पोस्ट, खाद खरीदी बिक्री, महिला समूहों को रोजगार मिला लेकिन प्रदेश से कांग्रेस की सरकार जाने के बाद से ये गौठान वीरान पड़े हुए है। सत्ता परिवर्तन के साथ ही गौठानों में गतिविधियां बंद हो गई है और रख रखाव नहीं होने से सभी भवन जर्जर हो चुके है। गौथांव वीरान पड़े हुए है। इन गौठानों को असामाजिक तत्वों ने अपना ठिकाना बना लिया है और रात के अंधेरे में घुसकर नशा खोरी करने के साथ ही चोरी कर रहे है।


उजाड़ पड़ा गौठान।

### लगातार हो रही गौठान से चोरियां

एक तरफ देखरेख के आभाव और गतिविधियां बंद होने से गौठान जर्जर हालत में पहुंच गए है वहीं अब गौठान से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। सुरक्षा की दृष्टि से कोई उपाय नहीं होने के कारण गौठान में लगे शेड के साथ ही सोलर पैनल सिस्टम, मोटर, पाइप, बिजली उपकरण के साथ ही अन्य सामग्रियां गायब हो चुकी है। चोर शेड काटकर ले जा रहे है और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग रही। गौठान जनता के पैसों से ही तैयार किया गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि सत्ता शासन भले ही बदल जाए लेकिन जनता के पैसों से जनता के लिए खड़े किए गए इन गौठानों के रक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

### सुरक्षा को लेकर कोई योजना नहीं

लगभग 30 करोड़ रूपए खर्च कर बनाए गए इन गौठानों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के पास कोई योजना नहीं है। हालांकि प्रशासन ने कुछ गौठानों को प्रदेश सरकार की गोधाम योजना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव भेजा है लेकिन इनमें एनएच किनारे बने गोठान ही शामिल है। जिले में 358 गौठान संचालित है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि शेष गौठानों का क्या होगा। वर्तमान में सड़कों पर मवेशियों के कारण घटनाएं हो रही है जबकि दुर्घटनाओं में मवेशियों की भी मौतें हो रही है लेकिन करोड़ो खर्च कर बनाए गए गौठान वीरान पड़े हुए है।

### कुछ को गोधाम में करेंगे शामिल

गौठान को लेकर शासन से कोई निर्देश नहीं है। हमने कुछ गौठानों को गोधाम योजना के तहत शामिल करने की योजना बनाई है। एनएच किनारे के गांव में संचालित गोठान के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद गोधाम का संचालन शुरू करेंगे। इनमें प्रमुख गौठानों को ले सकते है।

-विनय अग्रवाल, सीईओ जिपं



# अनियंत्रित तेज रफ्तार कार कच्चे घर में जा घुसी, दीवार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सिलफिली-लटोरी मुख्य मार्ग पर रविवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक कच्चे मकान में जा घुसी, अचानक हूआ इस हादसे में कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति बन गई, गनीमत रही कि दुर्घटना के समय घर के सामने या दीवार के पास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत महेशपुर निवासी पूरन देवांगन पिता अमृत देवांगन का मकान सिलफिली-लटोरी मार्ग के किनारे स्थित है।

रविवार को कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 4766 का चालक तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सिलफिली की ओर से लटोरी जा रहा था। इसी दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे पूरन देवांगन के मकान की दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि वाहन चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हादसे के समय घर के बाहर बच्चे खेल रहे होते या परिवार का कोई सदस्य दीवार के पास होता तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।दुर्घटना में केवल मकान को नुकसान पहुंचा है और किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष द्वारा लटोरी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# महिला को नशीला इंजेक्शन सप्लाई करने वाला युवक गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ब्रम्हपारा में महिला को नशीला इंजेक्शन सप्लाइ करने वाले युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की ऑपरेशन क्लीन के तहत कार्रवाई करते हुए 12 जुलाई को को ब्रह्मपारा निवासी आशा पांडेय को गिरफ्तार कर उसके पास से 28 नग नशीला इंजेक्शन जब्त कर जेल दाखिल किया गया था। आशा पांडेय ने अपने बयान में बताया था कि इंजेक्शन को उसने अपने मोहल्ले में पड़ोस में रहने वाले राजेश मंदिलवार उर्फ बुटन से खरीद कर लाई थी। आशा पांडेय के बयान के आधार पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने ब्रम्हपारा निवासी राजेश मंदिलवार उर्फ बूटन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के पश्चात आरोपी के



विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि पूर्व में ब्रह्मपारा ब्राउन शुगर बड़ी मात्रा में बिक्री किया जाता था। अब वहां के ब्राउन शुगर बेचने वाले लोग नशीला इंजेक्शन बेचने का कारोबार में लगे थे। इसमें आशा पांडे और बुटन का नाम सबसे पहले था। दोनों पहले ब्राउन शुगर बेचते थे पर वे लोग नशीला इंजेक्शन पिछले एक दो साल से बेच रहे थे।आशा पाण्डे नशीले इंजेक्शन की फुटकर विक्रेता थी जबकि राजेश मंदिलवार उर्फ बुटन थोक विक्रेता है। बुटन अत्यंत चालाकी से काम करने के कारण पकड़ाता नहीं था लेकिन आशा पांडे को गिरफ्तार करने के बाद उसके बयान पर बुटन को गिरफ्तार कर आज जेल भेजा गया है।

# कन्या हाईस्कूल परिसर में नीलगिरी के पेड़ों की कटाई शुरू

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर के बस स्टैंड के समीप स्थित कन्या हाईस्कूल परिसर तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के किनारे वर्षों पुराने विशालकाय नीलगिरी के पेड़ों की कटाई रविवार से शुरू कर दी गई। पहले दिन वन विभाग के अमले ने एक दर्जन से अधिक पेड़ों की कटाई पूरी की।



जानकारी के अनुसार, कन्या हाईस्कूल के प्राचार्य ने स्कूल परिसर एवं आसपास स्थित अत्यधिक ऊंचे और जर्जर हो चुके नीलगिरी के पेड़ों के आंधी-तूफान और बारिश के दौरान गिरने से छात्राओं तथा एनएच-43 से गुजरने वाले राहगीरों के लिए संभावित खतरे का हवाला देते हुए जिला प्रशासन से पेड़ों की कटाई की अनुमति मांगी थी। आवेदन के बाद एसडीएम ने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण में पाया गया कि परिसर और आसपास करीब 52 नीलगिरी प्रजाति के वृक्षों के साथ कुछ सेमल के पेड़ भी अत्यधिक विशाल और ऊंचे हो चुके हैं। तेज हवा और बारिश के दौरान इनके गिरने से जनहानि की आशंका बनी हुई है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 240 एवं 241, छग राजपत्र (असाधारण) की 11 फरवरी 2022 की अधिसूचना तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 152 के तहत वृक्षों की कटाई की अनुमति प्रदान की। इसके बाद वन विभाग ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत पेड़ों की कटाई का कार्य प्रारंभ कराया। एसडीएम के आदेश के अनुसार कटाई का कार्य वन विभाग की निगरानी में किया जाएगा। कटे हुए वृक्षों की लकड़ी को वन विभाग डिपो तक पहुंचाकर निर्धारित दर पर उसका मूल्यांकन करेगा तथा प्राप्त राशि का 90 प्रतिशत शासन के खजाने में जमा कराया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वन विभाग को कटे हुए पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए कटे प्रत्येक वृक्ष के बदले 10 गुना पौधरोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।पेड़ कटाई के दौरान जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित वन अमला उड़नदस्ता टीम स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद थी

# अनियमितता: 5 दुकानों पर खाद बिक्री प्रतिबंधित, एक का होगा लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बिक्री करने पर एक को नोटिस जारी

जिले में किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर दुकानदार मनमानी करने पर उतारू है। किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री की जा रही हा। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। इस बात का खुलासा उर्वरक दुकानों की जांच व कार्रवाई से हुआ है। बता दें कि किसानों को उर्वरकों की निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरक दुकानों की सतत निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी कड़ी में कृषि विभाग एवं प्रशासन के संयुक्त टीम के द्वारा जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर व बलरामपुर में जांच के दौरान कुल 5 दुकानों में खाद बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा 1 दुकान को नोटिस जारी किया गया। साथ ही एक दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंडरी स्थित सुरेन्द्र खाद भण्डार दुकान के संबंध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर दुकान की जांच की गई। जिसमें जांच में पाया गया कि दुकान संचालक के द्वारा खाद बिक्रय में अनियमितता बरती जा रही थी। जिस पर संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार वाड्रफनगर में जायसवाल फर्टिलाइजर्स में प्राप्त शिकायत के आधार पर कृषि विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय संबंधी शिकायत के आधार पर शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में बताया कि निर्धारित मूल्य 532 रुपये के स्थान पर 600 रुपये लिए जाने की बात कही। जांच के दौरान दुकान से संबंधित बिल जांच दल द्वारा परीक्षण के लिए संज्ञान में लिया गया। मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए शिकायतकर्ता एवं दुकान संचालक, दोनों पक्षों के कथन दर्ज किए गए। प्रथम दृष्टया तथ्यों के परीक्षण के उपरांत कृषि विभाग द्वारा दुकान संचालक को मौके पर ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।


कार्रवाई करते अधिकारी।

# शिवनंदनपुर नगर पंचायत में पीआईसी गठन को लेकर राजनीतिक खींचतान शुरू

- भाजपा के पास एक भी एसटी - एससी वर्ग का पार्षद नहीं, पीआईसी गठन के लिए महिला, पिछड़ा व अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग का एक-एक पार्षद शामिल होना जरुरी
- कांग्रेस के दो पार्षदों ने सीएमओ को पत्र लिखकर बिना अनुमति पीआईसी में शामिल नहीं किये जाने का किया आग्रह

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद अब जिस प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल पीआईसी के गठन का इंतजार किया जा रहा था,उसमें राजनीतिक खींचतान अभी से शुरू हो गई है। नगर पंचायत में पीआईसी गठन को लेकर कांग्रेस पेंच फंसाने की पूरी कोशिश में लगी हुई है, गौरतलब है कि सत्तारूढ़ भाजपा के पास नगर पंचायत में एक भी अनुसूचित जाति वर्ग का पार्षद नहीं है, जबकि छत्तीसगढ़ नगरपालिका मेयर इन काउंसिल के नियमों अनुसार नपं में पीआईसी गठन में अध्यक्ष समेत परिषद के पाँच निर्वाचित सदस्य शामिल होने हैं जिसमें महिला वर्ग समेत पिछड़ा एवं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कम से कम एक पार्षद सदस्य का पीआईसी में होना अनिवार्य है,ऐसे में भाजपा के सामने वैधानिक प्रक्रिया और राजनीतिक संतुलन दोनों बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है, इस सम्बन्ध कांग्रेस के दोनों आदिवासी पार्षद विमला देवी सिंह और बृजेंद्र सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अलग-अलग लिखित आवेदन सौंपते हुए स्पष्ट कर दिया कि उनकी सहमति के बिना उन्हें पीआईसी में शामिल नहीं किया जाए। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के गठन के बाद यह पहला अवसर है जब पीआईसी का गठन होना है,सामान्यतः पीआईसी को नगर पंचायत की मिनी कैबिनेट माना जाता है, क्योंकि विकास कार्यों, वित्तीय प्रस्तावों और प्रशासनिक निर्णयों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जानकारों का कहना है कि यदि कांग्रेस के दोनों आदिवासी पार्षद अपनी सहमति नहीं देते हैं, तो पीआईसी गठन की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इससे सत्ता पक्ष के सामने नई रणनीति बनाने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, सीएमओ को दोनों पार्षदों के आवेदन मिलने के बाद अब पूरा मामला प्रशासनिक स्तर पर विचाराधीन बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि पीआईसी का गठन नपं के विकास कार्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, निर्माण कार्य, वित्तीय स्वीकृतियां और अन्य विकास योजनाओं से जुड़े कई अहम निर्णय पीआईसी के माध्यम से लिए जाते हैं। ऐसे में यदि गठन में अनावश्यक विलंब होता है तो नवगठित नपं के विकास कार्यों की गति भी प्रभावित हो सकती है।

इस संबंध में नपं शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि पीआईसी गठन को लेकर कांग्रेस के दो पार्षदों द्वारा पीआईसी में बिना अनुमति शामिल न किए जाने का पत्र दिया गया है। पीआईसी गठन का विशेषाधिकार अध्यक्ष के पास होता है, इसलिए मेरे द्वारा नपं अध्यक्ष के संज्ञान में उक्त पत्र को लाया जाएगा।

## 16 जुलाई हो निकलेगी भव्य रथयात्रा, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

# आज स्वस्थ होंगे महाप्रभु, होगा नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के विश्वविख्यात रथयात्रा महोत्सव अंतर्गत मंगलवार को प्रातः 4 बजे नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन का आयोजन किया जाएगा। महाप्रभु 30 जून को अस्वस्थ होने के कारण विश्राम पर थे तथा मंदिर के पट बंद कर दिए गए थे। मंगलवार को महाप्रभु स्वस्थ हो जाएंगे जिसके बाद ब्रम्हबेला में उनका नेत्रोत्सव किया जाएगा। उनका श्रृंगार भी किया जाएगा तथा महाप्रभु नवयौवन स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।

इसी समय भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा के नेत्रोत्सव पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। अनसर काल पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को भगवान के नवीन, तेजस्वी एवं दिव्य स्वरूप का प्रथम दर्शन होगा। सनातन परंपरा के अनुसार स्नान पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का महाअभिषेक होने के पश्चात उन्हें ज्वर आने की मान्यता है। इसके बाद वे लगभग पंद्रह दिनों तक अनसर गृह में विश्राम करते हैं जहां उनके दर्शन श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाते है। इस अवधि में पारंपरिक औषधीय सेवा एवं उपचार किया जाता है। स्वास्थ्य होने के उपरांत भगवान पुनः नवयौवन से युक्त दिव्य स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं जिसे नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन कहा जाता है। नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन के अवसर पर उड़ीसा से पहुंचे पुजारी पंडित शंभूनाथ पांडा द्वारा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य पूजा-अर्चना, विशेष अनुष्ठान एवं महाआरती कराई जाएगी। समिति के मनोज कुमार कंसारी ने बताया कि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा जगन्नाथ मंदिर मार्ग से प्रारंभ होकर जोड़ापीपल, आकशवाणी चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, देवीगंज रोड, संगम चौक, ब्रह्मरोड, राममंदिर रोड, जय स्तंभ चौक, महामाया चौक होते हुए पुनः संगम चौक से दुर्गा बाड़ी पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा प्रभु की आरती, पुष्पवर्षा एवं भव्य स्वागत किया जाएगा। जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति एवं उत्कल समाज ने श्रद्धालुओं से नेत्रोत्सव एवं नवयौवन दर्शन तथा 16 जुलाई को आयोजित भव्य रथ यात्रा में भागीदारी करने का आह्वान किया है।



## खबर संक्षेप

### चैनपुर में निकाली गई जागरूकता रैली



**मनेंद्रगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत चैनपुर में जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भव्य जागरूकता रैली एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। सरपंच के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बढ़ती जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों की जानकारी देते हुए छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार और समृद्ध समाज का संदेश दिया गया।

### जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार एमसीबी जिले में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा (11 से 18 जुलाई 2026) का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत आमजन को परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल, मनेंद्रगढ़ परिसर से विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को छोटे परिवार, सुरक्षित मातृत्व और परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के संबंध में जागरूक करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी, डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, लक्ष्मी रजक, जिला लेखा प्रबंधक रविन्द्र सिंह तथा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान सहित सिविल अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लटमा में विधिक साक्षरता शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुण्ठपुर कोरिया की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम लटमा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित उक्त कार्यक्रम में अधिकार मित्र जय प्रकाश सोलंकी द्वारा विद्यालय के बच्चों को विभिन्न विषयों पर कानूनी जानकारी देकर बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

### धान की रोपाई पर संकट, किसानी कार्य प्रभावित

# मानसून की बेरुखी से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



आषाढ़ माह की शुरूआत में हुई झमाझम बारिश ने कोरिया जिले के किसानों में अच्छी खेती की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन इसके बाद मानसून की रफ्तार थमने से खेती-किसानी का काम प्रभावित होने लगा है। पिछले कई दिनों से जिले में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है और धान की रोपाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

आषाढ़ के पहले दिन हुई अच्छी बारिश के बाद किसानों ने खेतों की जुताई और बोआई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया था। कई किसानों ने धान की नर्सरी (थरहा) भी तैयार कर ली है, जो अब रोपाई के लिए तैयार है। हालांकि खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है। कोरिया जिले में खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान है और जिले के अधिकांश कृषि रकबे में इसकी खेती की जाती है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून पहले ही देरी से सक्रिय हुआ और कुछ दिनों की बारिश के बाद फिर कमजोर पड़ गया। यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई में और देरी होने से उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। बारिश थमने के बाद पिछले तीन दिनों से जिले के अधिकांश क्षेत्रों में तेज धूप निकल रही है। इससे वातावरण में उमस बढ़ गई है और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अब अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं ताकि धान की रोपाई का कार्य गति पकड़ सके।

### मनेन्द्रगढ़ को मिली मेडिकल कॉलेज की मान्यता

**मनेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से गीदम (दंतेवाड़ा), कुनकुरी (जशपुर), मनेन्द्रगढ़, जांजगीर-चांपा एवं कबीरधाम में 50-50 एमबीबीएस सीटों वाले 5 नए शासकीय मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में एक साथ कुल 250 नई एमबीबीएस सीटों का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास का ऐतिहासिक पड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में स्वास्थ्य और शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य ऐसा सुदृढ़, समावेशी और आधुनिक स्वास्थ्य तंत्र विकसित करना है, जहाँ प्रदेश का कोई भी युवा डॉक्टर बनने के अपने सपने से वंचित न रहे और किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े। स्वास्थ्य मंत्री ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का आभार जताते हुए कहा है कि पांच नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से न सिर्फ स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

# कोरिया के 29वें एसपी हरीश ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- अपने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का किए निरीक्षण

जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, भा.पु.से. ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बैकुण्ठपुर पहुंचकर कोरिया जिले के 23 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री राठौर ने कार्यालयीन शाखाओं का निरीक्षण किया तथा जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था एवं विभागीय कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना, आम नागरिकों की सुरक्षा एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पुलिस एवं आमजन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित में प्रभावी पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री राठौर के पदभार ग्रहण करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे समेत जिले के पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया।

# डोमनहिल में अंतरजिला फुटबॉल स्पर्धा शुरू, 27 टीमें ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



क्षेत्र के डोमनहिल स्थित अमर कुंज क्रीड़ांगन में चिरमिरी फुटबॉल संघ की मेजबानी में अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा, कुरासिया समूह के उपक्षेत्र प्रबंधक वीरिकांत कुमार, भाजपा पदाधिकारी प्रदीप सालूजा, रीत जैन, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, बबलू शर्मा, रामनरेश सिंह, कामेश्वर सिंह एवं गणेश ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर रामनरेश राय ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वहीं नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी खेल अथवा शारीरिक गतिविधि से जुड़ा रहना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 27 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में गोदरीपारा ने सलका सलवा को तथा विहारपुर ने महामाया क्लब कोरिया को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच का आंखों देखा हाल संदीप ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ रेफरी अनिल कचेर के नेतृत्व में चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, निकिता थापा, नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई एवं संदीप पटेल निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 21 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरस्कार के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नेशनल रेफरी अनिल कचेर, कंचन पाल, चन्ना राव, सुनील कुमार, श्रीपत राय, देवानंद, अब्दुल सत्तार, शिव प्रसाद, जीसान अहमद सहित चिरमिरी फुटबॉल संघ के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### डिजिटल प्रशासनिक प्रणालियों पर प्रशिक्षण

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के सहायक ग्रेड-1, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3 के साथ-साथ संविदा एवं कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए डिजिटल प्रशासनिक प्रणालियों के प्रभावी संचालन एवं शासन की ऑनलाइन सेवाओं के कुशल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ऑनलाइन पोर्टलों के उपयोग में दक्ष बनाना, कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं गति लाना तथा नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में ईडीएम नारायण केवट एवं श्रवण कुमार ने सभी विषयों पर चरणबद्ध एवं व्यावहारिक तरीके से विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# मलगा में विद्यालय के समीप जमीन धंसी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी



समीपवर्ती क्षेत्र के एसईसीएल कोतमा-जमुना क्षेत्र अंतर्गत बरतराई खदान से लगे ग्राम मलगा में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप अचानक जमीन धंस गई। घटना के बाद विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा आसपास के ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विद्यालय परिसर से लगी भूमि अचानक धंसने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में दरारें भी दिखाई देने लगी हैं। विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए पहुंचते हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल स्थल का निरीक्षण कर भूमि धंसने के कारणों की जांच कराए तथा संभावित खतरे वाले क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर आमजन और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद संबंधित हल्का पटवारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी व्याप्त है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग एवं खनन विभाग के अधिकारियों को तत्काल संयुक्त निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# घर-घर पहुंचीं विधायक रेणुका



- 100 दिव्यांगजनों को बांटे 5 लाख रुपए के सहायता चेक

**जनकपुर।** भरतपुर-सोनहत विस क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपनी स्वेच्छा अनुदान राशि से लगभग 100 दिव्यांग हितग्राहियों को कुल 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की पहल की है। इस अभियान के तहत प्रत्येक हितग्राही को 5-5 हजार रुपये का सहायता चेक दिया जा रहा है। विशेष बात यह रही कि विधायक स्वयं कई जरूरतमंद परिवारों के घर पहुंचकर सहायता राशि सौंप रही हैं, जिससे लाभार्थियों और उनके परिजनों में खुशी और आत्मविश्वास का माहौल है। इस पहल की पूरे भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने दिव्यांगजनों के घर पहुंचकर उनकी जरूरतों को समझते हुए सीधे आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया है।

### बिलासपुर में गूंजी छात्रों की आवाज

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी बिलाल मेमन प्रदेश सचिव जानकारी दी बिलासपुर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के बिलासपुर आगमन पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्वागत के बाद वे यश पैलेस पहुंचे जहां आयोजित छात्रों की गूंज छात्र संवाद कार्यक्रम में उन्होंने प्रदेशभर से पहुंचे छात्र-युवाओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में इमरान प्रतापगढ़ी ने छात्रों की समस्याओं, सुझावों और आकांक्षाओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि देश के युवाओं की आवाज को संसद से लेकर हर मंच तक मजबूती से उठाया जायेगा।

### सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र में हो रहा था कार्य

# विरोध के बाद वन भूमि पर 2.47 करोड़ की सड़क निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



### भूस्खलन से मंदिर को नुकसान की आशंका

सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र के निवासियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया तो भविष्य में भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे पहाड़ी पर स्थित मंदिर को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

चिरमिरी नगर पालिक निगम द्वारा कोरिया के सिद्धबाबा पहाड़ क्षेत्र में लगभग 2.47 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे सड़क एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है।

आरोप है कि निर्माण कार्य वन विभाग की भूमि पर कराया जा रहा था, जबकि आवश्यक अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। मामले के सामने आने के बाद वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य जिले के वन कक्ष क्रमांक 513 के अंतर्गत कराया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन क्षेत्र में आम नागरिक द्वारा बिना अनुमति पेड़ की शाखा काटने या किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने पर तत्काल कार्रवाई की जाती है, लेकिन करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य के बावजूद लंबे समय तक संबंधित विभागों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों ने निगम की कार्ययोजना पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक ओर निगम कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन भुगतान की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विवादित और अधूरी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने डोमनहिल में पूर्व में निर्मित मंगल भवन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह भी अधूरा पड़ा हुआ है।

LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE
THINK EDUCATION THINK LCIT
Affiliated to | Approved by | Members of
Best College in the Region
Scan For A Brighter Future
ADMISSIONS OPEN 2026-27
ONLINE COUNSELLING PHASE – I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech Lateral<br>M.Tech<br>MCA<br>MBA | 14th July 2026 to 17th July 2026 | 21st July 2026 | 22th July 2026 to 24th July 2026 |

Courses Offered
B.Tech: • CSE • Civil • Mechanical • Electrical • ET&T • AI ML
M.Tech: • CSE • Civil (Environment)
MBA: • Human Resource • Marketing • Finance • System • Production & Operations
NEW COURSE — APPROVED — MCA Master of Computer Application
PLACEMENT HIGHLIGHTS
265+ Placements During 2024-2026 | ₹3.5 LPA Minimum Package | ₹5 LPA Average Package | 200+ Total Recruiters
OUR TOP RECRUITERS
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES, AMNEX, OMNEXIA, AXIS BANK, ICICI Bank, FORBES MARSHALL, Dave AI, adani CEMENT, & Many More
BEST PLACEMENTS
Saransh Rathore ₹13.90 LPA B.Tech CSE INDIAN AIR FORCE
Aryan Agney ₹13 LPA B.Tech CSE Dave AI
Soniya Jaiswal ₹10 LPA B.Tech CSE Voyatek
Princy Agrawal ₹10 LPA B.Tech Civil WATER RESOURCE DEPARTMENT (WRD)
Riya Kumari ₹5.5 LPA B.Tech ET&T UBER
CAMPUS LIFE
RASS GARBA | MH 43 INDIA BAND | EXCURSION TRIPS | INDUSTRIAL VISIT
TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms
+91 96850 91333, +91 95222 20113

## कार्रवाई के बाद भी खुला छोड़ रहे मवेशी

# शहर के रिंग रोड सहित अन्य मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निगम द्वारा रिंग रोड सहित शहर के मुख्य मार्ग को मवेशी मुक्त करने की घोषणा अब सिर्फ घोषणा बनकर रह गई है। आलम यह है कि घोषणा के बाद भी रिंग रोड मवेशी मुक्त नहीं हो सका। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद लोग मवेशियों को खुला छोड़ने से बाज नहीं आ रहे जिससे रिंग रोड सहित अन्य मार्गो पर मवेशियों के जमावड़ा लगने से राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क के बीच बैठे तथा दौड़ते मवेशी अब वाहन चालकों के दुर्घटना का कारण बन रहे है।

**खास बात**

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर के रिंग रोड के अलावा अन्य मुख्य मार्ग पर मवेशियों के झुंड ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। निगम द्वारा दो साल पूर्व रिंग रोड को मवेशी मुक्त करने की घोषणा की थी। निगम द्वारा मवेशी मालिकों को हिदायत देने के बाद शहर में घूम रहे आवारा मवेशियों की धरपकड़ शुरू की। निगम द्वारा मवेशियों के धर पकड़ करने पर मवेशी मालिकों ने घर में ही अपने मवेशियों को बांधना शुरू कर दिया जिससे काफी हद तक शहर के रिंग रोड व अन्य मार्ग से मवेशी गायब हो गए थे। इधर निगम द्वारा पकड़े गए मवेशियों को मठपारा स्थित शहरी गौठान में रखा गया। हालांकि कुछ लोगों ने चालान पटाकर अपने मवेशी वापस ले गए परंतु कई लोग मवेशियों को लेने नहीं पहुंचे जिससे निगम द्वारा मवेशियों की नीलामी की गई। इधर लगातार कार्रवाई करने से मवेशी मालिकों में हड़कंप मच गया था और लोग मवेशियों को खुला छोड़ने से डरने लगे थे। परंतु अब निगम द्वारा पूर्व की भांति कार्रवाई नहीं करने से मवेशी मालिकों के हौसले बुलंद हो गए और हरे चारे की कमी होने पर खुला छोड़ना शुरू कर दिया है। रिंग रोड के अलग-अलग क्षेत्रों में मवेशियों के झुंड पूर्व की भांति सड़क पर बैठे या एक दूसरे से लड़ते आसानी से देखे जा सकते है। सड़क पर मवेशियों के आपस में लड़ने से बाइक, स्कूटी सवार के लिए काफी खतरनाक साबित होने लगा है। चौक चौराहे के समीप स्कूटी सवार व बाइक सवार मवेशी दौड़ने से टकरा जाते है। इस प्रकार की घटनाएं रिंग रोड पर आए दिन होती रहती है।



बिलासपुर चौक के समीप सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा।

### शहर में बढ़ी आवारा मवेशियों की संख्या

रिंग रोड सहित अन्य मार्ग से ननि द्वारा लगातार कार्रवाई कर बड़ी संख्या में मवेशियों को पकड़ा। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को नहीं ले जाने पर ननि द्वारा शहरी गौठान केन्द्र में मवेशियों की नीलामी किया गया। जबकि शेष मवेशियों को चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने पर छोड़ दिया। खेती किसानी के इस मौसम में शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र के आवारा मवेशी शहर की ओर चारा की तलाश में आ जाते है जिससे अब शहर में आवारा मवेशियों की बढ़ने लगी है।

### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

शहर के रिंग रोड पर आवारा मवेशियों के जमावड़ा होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। कुछ माह पूर्व ही मिशन चौक रिंग रोड में एक स्कूटी सवार से सड़क पर दौड़ रहे मवेशी टकरा गया जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिर गए। गनीमत था कि स्कूटी सवार को मामूली चोटें आई नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसी प्रकार की घटनाएं रिंग रोड पर अममून हर रोज किसी न किसी क्षेत्र में होता है जबकि हालही में सांड के हमले से दर्रीपारा में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन महिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पूर्व में आवारा मवेशियों के कारण हुई दुर्घटना में कई लोगों की जान जा चुकी हैं।

### दी गई है हिदायत

पशुपालकों को मवेशी बांध कर रखने की हिदायत दी गई है। शहर के सड़कों पर मवेशियों के आवारा घूमते पाए जाने पर धर पकड़ की कार्रवाई की जाएगी।

-मंजूषा भगत, महापौर

**खबर संक्षेप**



## व्यापारियों से जीएसटी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने का आह्वान

**अंबिकापुर।** रविवार को सरगुजा में टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीएसटी नियमों के परिपालन को लेकर चर्चा की गई और व्यापारियों से नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की बात कही गई। बताया जा रहा है कि जीएसटी विभाग द्वारा जीएसटी के नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने व्यापारियों के प्रतिष्ठान का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। ऐसे में टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा की आवश्यक बैठक की गई। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने व्यापारियों से नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार जो व्यापारी जीएसटी नंबर लेकर व्यापार कर रहे हैं वो दुकान के सामने फर्म का नाम, पता, प्रोपराइटर का नाम के साथ जीएसटी नंबर लिखा हुआ बोर्ड लगाए। जीएसटी प्रमाण पत्र को दुकान में लगा कर रखें। क्रय एवं विक्रय बिल अवश्य रखें, 200 रूपए से ज्यादा मूल्य के विक्रय का बिक्री बिल अनिवार्य रूप से बनाएं। ई-वे बिल बनाते समय बिल के साथ मिलान कर लें, गाड़ी नंबर के साथ सभी जांच करके ही गाड़ी विक्रय स्थल पर भेजे। बिना बिल के मॉल का क्रय विक्रय न करें। क्रय एवं विक्रय के समय भुगतान बैंक के माध्यम से करें। उन्होंने कहा कि नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे तो किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता एवं सीए उपस्थित हुए।

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युतकर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने अखिल भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी एवं प्रदेश महामंत्री नवरतन सेठ के नेतृत्व में विद्युत कंपनी प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरूद्ध रायपुर में धरना-प्रदर्शन किया गया। मांगों में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली, संविदा नियमितीकरण, नई भर्ती, वेज रिवीजन लागू होने तक 20 प्रतिशत अंतरिम राहत, रिस्ट्रक्चरिंग और ठेकाकर्मियों का वेतन भुगतान शामिल है। विद्युत कंपनी प्रबंधन ने 17 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार से अनुमोदन लेकर अतिशीघ्र पुरानी पेंशन बहाली का आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था लेकिन 8 माह बाद भी इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हो सका है। महासंघ ने प्रथम चरण में 1 से 30 जून तक हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया था। महासंघ के प्रतिनिधियों ने धरना-प्रदर्शन उपरांत विद्युत कंपनी के चेयरमैन के नाम ज्ञापन सौंपा तथा 15 अगस्त तक आदेश जारी नहीं करने पर 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने की चेतावनी दी।

## शराब पीने से मना किया तो युवक ने घर में लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम पहाड़गांव में शराब की लत को लेकर बीती रात पत्नी से हुए विवाद के बाद 33 वर्षीय युवक ने घर की मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण सिंह पिता स्व. समय लाल सिंह शराब पीने का आदी था। इस बात पर बीती रात पत्नी ने उसे समझाते हुए कहा कि तीन बच्चों की जिम्मेदारी है, खेती-किसानी का समय चल रहा है लेकिन वह खेतों में काम करने की बजाय शराब पी रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी व बहस हो गई। इसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम करा परिजन के सुपुर्द कर मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।



## 10वीं वाहिनी सशस्त्र बल के जवानों में मानसिक सुदृढ़ता के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा के मार्गदर्शन में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा 10 वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सिलफिली में तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम हेतु गेटकीपर प्रशिक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों के जवानों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव के प्रभावों को समझाना तथा तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कठिन कार्य परिस्थितियों में निरंतर सेवा देने वाले जवानों के लिए मानसिक संतुलन एवं भावनात्मक सुदृढ़ता को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए यह पहल की गई। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तनाव के कारणों, उसके लक्षणों, तनाव प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों, सकारात्मक सोच तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही आत्महत्या के चेतावनी संकेतों की समय रहते पहचान करने तथा प्रभावित व्यक्ति को उचित समय पर सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को श्वास-व्यायाम, रिलैक्सेशन तकनीक तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने आवश्यकता पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार का संकोच न करने की बात कही। प्रशिक्षण में उपस्थित जवानों ने अपने अनुभव भी साझा कर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सूरजपुर के मानसिक स्वास्थ्य दल से सचिन मातुरकर एवं प्रियंका मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लिलौटी डबरा निवासी खुना आ. स्व. विफन (30 वर्ष) पिछले एक माह से राजपुर क्षेत्र के ग्राम सेवारी ससुराल में रह रहा था। गत दिन चाचा ससुर के साथ पैदल ठेला में चना बादाम लेने जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल चेंद्रा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड अतंर्गत शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय चेन्द्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया। इसके साथ ही बच्चों को गणवेश और पुस्तकों का वितरण किया गया।

बता दें कि सोमवार को चेन्द्रा शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना, उन्हें विद्यालय परिवार से जोड़ना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र के लवकेश पैकरा, श्रीमती प्रमिला, नधीर पैकरा, जितेन्द्र कुशवाहा, शिवशरण राजवाड़े, सूर्य प्रताप सिंह, विकास गुर्जर,श्रीमती इन्द्रमणि पैकरा, सत्यनारायण पैहरा, मुन्नालाल गुर्जर, चमरू राम राजवाड़े, लालसाय पैकरा, शिव बालक गोंड, शिव प्रसाद सिंह, विश्वरंजन गुर्जर, रामखेलावन राजवाड़े, सूरज प्रसाद, मोतीलाल राजवाड़े, नवीन गुर्जर, संजीव गुर्जर शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय एवं समुदाय के बीच सहयोग एवं सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी बल दिया गया। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि अभिभावकों, अतिथियों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने एक साथ स्नेहपूर्वक सामूहिक भोजन ग्रहण किया, जिससे विद्यालय एवं समाज के मध्य आत्मीयता, सहयोग एवं पारिवारिक वातावरण का सुंदर संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन अंगद यादव सर एवं बल्लभ भाई पटेल ने किया। इस दौरान शिक्षक अंगद यादव, ओपी द्विवेदी, जय गुप्ता आदि मौजूद थे।



## डूमरडीह हाई स्कूल में हुआ शाला प्रवेश उत्सव एवं साइकिल वितरण का कार्यक्रम

शासकीय हाई स्कूल डूमरडीह में शाला प्रवेश उत्सव एवं साइकिल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह उपस्थित थी। मुख्य अतिथि द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा 9वी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को नवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कॉपी और पेन प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच श्रीमती बैजंती देवी, उप सरपंच बेचन यादव, पंच इरफान खान व विशेष अतिथि अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हीरा सिंह एवं बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रमेश दास ने सुझाव दिए। शासकीय हाई स्कूल डूमरडीह के प्राचार्य तनवीर अहमद ने जिपं अध्यक्ष से स्कूल के बाउंड्री वॉल की मांग रखी जिसे अध्यक्ष ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान देव प्रसाद, श्रीमती गुरप्रीत बक्शी, कपूर सिंह, अजय खरे, तुलसी कुमार धुर्वे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन व्याख्याता श्रीमती पूनम सिन्हा द्वारा किया गया।




### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती प्रमिला पति उमाशंकर उम्र-38 वर्ष, जाति केवट निवास ग्राम दवनकरा, तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम अंग्रेजी में MANISHA KUMARI है, तथा गॉव का पुकारू नाम सोलो SALO उक्त दोनो एक ही व्यक्ति का अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है, इसी प्रकार मेरी पुत्री का नाम मनीषा कुमारी है जो सत्य एवं सही है। मेरी पुत्री के नाम पर जारी आधार कार्ड नम्बर-9337 2878 0608 में पुकारू नाम सालो दर्ज हो गया है, तथा मेरी पुत्री के नाम पर ग्राम पंचायत कार्यालय दवनकरा जिला सूरजपुर से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसमे नाम हिन्दी में मनीषा कुमारी अंग्रेजी में MANISHA KUMARI अंकित है, जो सही एवं सत्य है इसी प्रकार सही नाम मनीषा कुमारी एवं आधार में सही जन्म तिथी-01/01/2011 है जिसे मान्य एवं स्वीकार किया जाना निवेदित है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
श्रीमती प्रमिला
पति उमाशंकर
निवासी- ग्राम दवनकरा, तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग.

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा.प्र.क्र.-/20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भागीरथी प्रसाद आ./पति अयोध्या प्रसाद जाति कलवार, निवासी केदारपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-केदारपुर, शीट नम्बर-1 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 99/41 रकबा 0.061/2 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-20.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक-06.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.

रा.मा.क्र.- /ब-121/2025-26
ग्राम-सिधमा प.ह.नं.-उप तह. बरियों

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सिधमा प.ह.नं.- उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक मड़वारी मानिकपुरी आ./पति स्व. रोजो दास मानिकपुरी जाति पनिका निवासी ग्राम सिधमा तहसील – राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा स्वयं के माता परफाईन पति स्व.रोजो दास का मृत्यु दिनांक 23.05.2015 को ग्राम सिधमा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।

उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-22/07/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बरियों
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर अधिकारी आ.स्व.प्रदीप अधिकारी व अन्य निवासी मेरिन ड्राईव तालाब के पास प्रतापपुर नाका अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2023/23 रकबा 0.050 हे. मे से रकबा 2.75 डिसमिल भूमि को अनावेदक लालसा सिंह पत्नी ओंकार सिंह निवासी ग्राम परसागुड़ी तहसील राजपुर जिला बरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 15,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 29.07.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

TOP IN SURGUJA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
डॉ. प्रसून सागर
M.B.B.S, MD, DM (Cardiology)
पूर्व कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
धड़कन बढ़ना,उत्तेजना, हृदय की व्याकुलताव घुटन हृदय रोग से संबंधित सभी रोगों के लिए
दिनांक - 19 जुलाई 2026, दिन -रविवार
समय - सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान!
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी; किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज; प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज; यौन संबंधी समस्याएं; महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### खेल महाकुंभ में डीएवी की छात्रा शिवानी तिर्की ने जीता स्वर्ण पदक

**राजपुर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट अंतर्गत आयोजित छत्तीसगढ़ जोन क्लस्टर स्तरीय खेल महाकुंभ में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु की 10वीं की छात्रा शिवानी तिर्की ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ शिवानी का चयन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए भी हो गया है। छत्तीसगढ़ जोन के क्लस्टर स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल बिश्रामपुर, भटगांव एवं चिरमिरी में क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में 17 डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिवानी तिर्की की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शिवानी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों तथा विशेष रूप से शिक्षिका रूचि सोनी को दिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि शिवानी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी।

### अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, चार हाइवा जब्त



**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में खनिज अमला, राजस्व अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सतत जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पत्थर, गिट्टी, मुरुम, मिट्टी, ईंट, रेत आदि खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जब्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है तथा अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है। इसी क्रम में माह जुलाई में विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फोर्स द्वारा 13 जुलाई को भैयाथान के गंगोटी क्षेत्र से 4 वाहनों से कुल 56 घन मीटर अवैध रेत का परिवहन करते पाया गया। अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चारों हाइवा को पुलिस थाना बसदेई में सुपुर्द कराया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

### वर्षा के अभाव में धान की रोपाई प्रभावित

# बारिश के लिए एक-दो दिन का इंतजार बदली मानसून द्रोणिका की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अच्छी वर्षा के लिए सरगुजा संभाग के लोगों को अभी एक-दो दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक-दो दिन में खाड़ी में नया सिस्टम प्रभावी होने की संभावना है जिसके प्रभाव से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

**खास बात**
- बढ़ रहा तापमान, उमस से लोगों का बुरा हाल

चार-पांच दिन पूर्व ही मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन इसी दौरान अवदाब के सक्रिय होने के कारण सरगुजा में अच्छी वर्षा हुई। हाल में हुई वर्षा से किसानों को काफी राहत मिली तथा कुछ क्षेत्रों में किसान तेजी से धान सहित अन्य फसलों की रोपाई-बुनाई में जुट गए हैं। मध्य छत्तीसगढ़ की तुलना में उत्तर छत्तीसगढ़ में काफी कम वर्षा हुई है। मैनपाट, उदयपुर अम्बिकापुर तहसील क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के कारण धान की रोपाई एवं बुनाई में तेजी आई है जबकि लुण्ड्रा एंव बतौली तहसील क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई है जिसके कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। बड़ी संख्या में किसानों ने जून में ही धान का बीड़ा लगा दिया था जो अब तैयार हो गया है लेकिन खेतों में पानी नहीं भरने के कारण रोपाई ठप हो गई है। जिन किसानों का बीड़ा अधिक समय का हो गया है वे नदी-नाले एवं गड्ढों में जमा पानी से खेतों की सिंचाई कर धान की रोपाई कर रहे हैं। धान का बीड़ा अधिक समय का होने पर अनुपयोगी हो जाएगा इसलिए किसान जैसे-तैसे धान की रोपाई कर रहे हैं। इधर मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर उत्तर की ओर खिसक गया है तथा उत्तरी बिहार में शिफ्ट हो गया है जिसके कारण मध्य भारत में वर्षा नहीं हो रही है। बंगाल की खाड़ी में एक-दो दिन में नया सिस्टम प्रभावी होने की संभावना है। सिस्टम के प्रभावी होते ही मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव होगा तथा सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में अच्छी वर्षा होगी। मानसून द्रोणिका का पश्चिमी छोर सामान्य स्थिति में है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में उत्तरी बंगाल की खाड़ी, दक्षिणी बंग्लादेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है वहीं उत्तर बिहार से मणिपुर तक एक द्रोणिका सक्रिय है। मौसमी घटकों के प्रभाव से खाड़ी से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिसके कारण आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी इस दौरान गरज-चमक होने के साथ ही कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी चलने एवं वज्रपात की घटनाएं होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



खेत के समीप डबरी से सिंचाई करते किसान।

#### सामान्य से 2 डिग्री ऊपर पहुंचा पारा

पिछले दो दिनों से बारिश पूरी तरह से बंद है। वर्षा बंद होने के बाद लगातार धूप निकल रही है जिससे उमस एवं गर्मी बढ़ गई है। इसके पूर्व हर दिन कमोवेश वर्षा हो रही थी जिससे उमस से राहत थी। धूप निकलने के कारण अब लगातार दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। तापमान में और वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

#### धान की रोपाई होगी प्रभावित

जल्द वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कृषि वैज्ञानिक मक्का, दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई एवं बीजों में अच्छे अंकुरण के लिए वर्तमान मौसम को अच्छा बता रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि धूप नहीं निकलने पर मिट्टी की नमी अधिक होने के कारण बीज सड़ जाएंगे जबकि धूप निकलने पर बीजों में अच्छा अंकुरण होगा। हाल में हुई बारिश के बाद पूर्व में धान का बीड़ा लगाने वाले किसान अब रोपाई कर रहे हैं वहीं बड़ी संख्या में किसान अब धान का बीड़ा लगा रहे हैं। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

#### एक-दो दिन में होगी वर्षा

बंगाल की खाड़ी में सिस्टम प्रभावी होने के बाद एक-दो दिन में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पर्याप्त नमी पहुंच रही है तथा गरज-चमक के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम, विज्ञानी



### नवपदस्थ लटोरी तहसीलदार ने पीएचसी अजबनगर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी की नवपदस्थ तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजबनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं तथा मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। उनके अचानक पहुंचे निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र का पूरा अमला सतर्क नजर आया।

तहसीलदार ने सबसे पहले गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था तथा आने वाले दिनों में संभावित प्रसव की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से पूछा कि वर्तमान में कितनी गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हैं, पिछले महीने कितने सुरक्षित प्रसव कराए गए और आगामी महीने में कितनी डिलीवरी होने की संभावना है। तहसीलदार ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण, पोषण संबंधी परामर्श और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम रखा जा सके।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, अस्पताल की साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाई जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी रखी जाए। तहसीलदार ने हल्का पटवारी संतोष प्रजापति को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाए। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं समस्त स्वास्थ्य स्टाफ के अलावा सांसद प्रतिनिधि कन्हाई लाल विश्वास, सुवेंदु चटर्जी, अर्जुन यादव, देवदास सेन गुप्ता, विप्लव मजूमदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की नवगठित सूरजपुर ब्रांच की प्रथम मीटिंग, नई कार्यकारिणी का चयन

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लोको पायलटों के संगठन ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की नवगठित सूरजपुर शाखा की प्रथम ब्रांच जनरल मीटिंग रविवार को ग्राम उच्चडीह स्थित सूरजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। इस दौरान शाखा की पहली कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वेदी पर माल्यार्पण एवं संगठन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सभा में सूरजपुर रोड, बिलासपुर, रायगढ़, शहडोल और बिजुरी शाखाओं से पहुंचे सैकड़ों लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों ने हिस्सा लिया। सभा में बताया गया कि वर्ष 2018 में सूरजपुर रोड स्टेशन पर संयुक्त क्रू लॉबी की स्थापना के बाद से ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोशिएशन, बिजुरी शाखा के अंतर्गत रहकर रनिंग कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य कर रहा था, लेकिन लोको पायलटों की बढ़ती संख्या और कार्य घंटे, आवास, अस्पताल, माइलेज सहित स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए स्वतंत्र शाखा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत संगठन की नई सूरजपुर शाखा का गठन किया गया। सम्मेलन को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया,इसमें पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष कामरेड एच.एस. भदौरिया, मंडल संयोजक अमित कुमार दास,रजनीश कुमार अर्बन बैंक डायरेक्टर संदीप तिवारी, तथा मंडल सचिव विकास सिंह गहरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें मृत्युंजय कुमार को शाखा अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार को वर्किंग प्रेसिडेंट, दीपक कुमार एवं मुकेश प्रसाद को उपाध्यक्ष, सौरभ कुमार सिंह को शाखा सचिव, मनीष कुमार चौहान को कोषाध्यक्ष, पवन कुमार को सहायक कोषाध्यक्ष, सनी सिंह एवं मनीष पाल को सहायक सचिव, सुधीर कुमार, राजीव रंजन एवं राकेश पाल को ऑर्गेनाइजर सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और रनिंग कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया,कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त दीपक सिंह ने किया। उक्त जानकारी संगठन सचिव आरके दुबे ने दी ।




### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीणा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम छाता सराई निवासी सुखराम भगत आ.स्व. जगीराम (49 वर्ष) शराब पीने का आदि था। पिछले 2-3 दिन से शराब पी रहा था। रविवार की दोपहर जब पत्नी मवेशी चराने गई थी तभी सुखराम ने घर मे रखे कीटनाशक को पी लिया। जब पत्नी घर लौटी और पति को उल्टी करते देख घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन सुखराम को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## हेल्थ प्लस

### सुरगुजा हीरो में ग्राहकों ने किया हीरो एचएफ डीलक्स प्रो का माइलेज टेस्ट

**अंबिकापुर।** सुरगुजा हीरो अंबिकापुर द्वारा हीरो मोटोकॉर्प की नई हीरो एचएफ डीलक्स प्रो मोटरसाइकिल का विशेष माइलेज टेस्ट अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में ग्राहकों को अपनी एचएफ डीलक्स प्रो मोटरसाइकिल के साथ आमंत्रित किया गया, जहां सभी वाहनों में निःशुल्क फुल टैंक पेट्रोल भरवाकर लगभग 60 किलोमीटर तक निर्धारित मार्ग पर माइलेज परीक्षण कराया गया। माइलेज परीक्षण में ग्राहकों की मोटरसाइकिलों ने शानदार प्रदर्शन किया। मायापुर, अंबिकापुर निवासी उपेंद्र सोनी की बाइक ने 128 किमी प्रति लीटर, बनारस रोड, लटोरी निवासी अजय कुमार की बाइक ने 124 किमी प्रति लीटर तथा ग्राम महुआपारा निवासी रवि रंजन की बाइक ने 119 किमी प्रति लीटर का माइलेज प्राप्त किया। उत्कृष्ट माइलेज प्राप्त करने वाले सभी ग्राहकों को सुरगुजा हीरो द्वारा प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरगुजा हीरो के प्रतिनिधियों ने कहा कि आज के बढ़ते ईंधन खर्च के दौर में हीरो मोटोकॉर्प की एचएफ डीलक्स प्रो अपनी बेहतरीन ईंधन दक्षता, भरोसेमंद प्रदर्शन और कम रखरखाव लागत के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बन रही है। कंपनी की उन्नत तकनीक बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी प्रदान करने के लिए विकसित की गई है।



# चढ़ावा के चोरी की जवाबदेही उन लोगों की जो श्री रामलाल मन्दिर प्रबंध में थे : सिंहदेव




**अंबिकापुर।** राममंदिर में चढावा और चंदा चोरी और मंदिर निर्माण में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से श्री राम मंदिर तक आक्रोश रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह लोगों की आस्था पर अक्षम्य कुठाराघात है। चढावा के चोरी की जबाबदेही सीधे उन लोगों की है जो श्री रामलला मंदिर के प्रबंध में थे और जिन लोगों ने उन्हें वहां बैठाया। पूर्व मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि यह समस्त प्रबंधन संतो और गुरुजनो को एवं ऐसे स्वतंत्र लोगों को दे देना चाहिये जो आम लोगों की आस्था के प्रति जवाबदेह हों। प्रबंधन में संघ का कब्जा स्वीकार नहीं है। संघ परिवार की मंशा सभी मंदिरों का प्रबंधन हडपने की है जो कतई स्वीकार नहीं है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के चंदा चोरों को भगवान सद्बुद्धी दे। उन्होंने कहा कि संघ परिवार के गतल कृत्य से राममंदिर प्रांगण अपवित्र हो गया है। सभी धर्माचार्यों को मंदिर के पवित्रता और पुनः प्राणप्रतिष्ठा के लिये कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि एसआईटी को यह भी जांच करना चाहिए कि संघ का जो सेवन स्टार कार्यालय बना है उसमें लगी डेढ सौ करोड की राशि कहीं चंदा चोरी से तो अर्जित नहीं की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा नामित ट्रस्ट के द्वारा अयोध्या स्थित श्री रामलला के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रस्ट में मौजूद सभी लोग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दु परिषद के पृष्ठभूमि से हैं। इस मंदिर के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण में कमीशन और अब चढावा के सैकडो करोड रुपय की चोरी के आरोप इस ट्रस्ट पर लगे हैं। पूर्व में भी राममंदिर आन्दोलन के दौरान संघ परिवार पर मंदिर निर्माण के चंदे के 1400 करोड रुपय की राशि के घोटाले का आरोप लगा है। उत्तरप्रदेश की सरकार के द्वारा गठित एसआईटी ने मंदिर में चढावा चोरी की पुष्टी भी की है। निश्चित तौर पर प्रभु श्री राम के मंदिर के आड में संघ परिवार के द्वारा किये गये आर्थिक और राजनैतिक घोटाले से देश में हिंदु धर्मावलंबियों की आस्था को चोट पहुंचा है। प्रभु श्री राम न केवल इस देश के हिंदु धर्मावलंबियों साथ ही इस देश की 140 करोड की आबादी के प्रेरणास्त्रोत हैं। संघ परिवार के इस कदम से इन सभी की आस्था को चोट पहुंचा है। इसके विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया था। इसी तारतम्य में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन से राममंदिर तक आक्रोश रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के द्वारा आयोजित इस विशाल आक्रोश रैली में बडी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा-संगठन और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, बूथ लेबल कार्यकर्ता शामिल हुए।

- कांग्रेस ने चढ़ावा और चंदा चोरी के विरोध में राम मंदिर तक निकाली आक्रोश रैली

### राम मंदिर चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**सूरजपुर।** अयोध्या स्थित राम के भव्य मंदिर निर्माण के नाम पर देशभर से एकत्रित किए गए चंदे में कथित रूप से हुई 'चंदा चोरी' और भारी वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब पूरी तरह गरमा चुका है। इस संवेदनशील और बड़े मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया एवं ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से अग्रसेन चौक तक पैदल यात्रा करते हुए अग्रसेन चौक में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रभु श्री राम देश के करोड़ों नागरिकों के आस्था के केंद्र हैं। देश के गरीब से लेकर अमीर तक हर वर्ग ने अपनी कमाई का हिस्सा राम मंदिर निर्माण के लिए समर्पित किया था लेकिन सामने आई वित्तीय अनियमितताओं और जमीनों की खरीद-फरोख्त में हुए खेल ने यह साबित कर दिया है कि आस्था के नाम पर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। कांग्रेस ने इस चंदा चोरी की जांच कराने की मांग की है। इस दौरान नरेश राजवाड़े, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज अग्रवाल, हेमेंद्र गुप्ता, वीरेन्द्र बंसल, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, भावना सिंह नेताम, नीरज तायल, मधु साहू, धर्मेन्द्र सिंह, राजेश साहू, सूरज अवस्थी, किशुन सिंह, संजय जैन, दिनेश सोनी, रामचन्द्र राजवाड़े, सैयद सलीम, गिरधारी साहू, प्रशांत साहू, चंदूल राम, लालचंद देवांगन, प्रवीण सोनी, शिवम साहू, अफरोज खान, कबीर देवांगन,आशीष कुशवाहा, शिव राजवाड़े, मनीष देवांगन, मदन पैकरा, चिराग यादव, सोनू यादव, आशीष कुमार, मुकेश देवांगन, लक्की सिंह, अर्जुन यादव, सत्या प्रजापति, मोंटी राजवाड़े, विकास सिंह, पृथ्वी देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।








हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

